भाषण कला, कविता एवं निबंध प्रतियोगिता

हिंदी विभाग, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री आनंदपुर साहिब द्वारा दिनांक 05 सितम्बर 2017 को कॉलेज में भाषण कला, कविता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पुस्तक संस्कृति क संचार करना रहा। प्रतियोगिता का विषय **पुस्तक संस्कृति** रहा। प्रतियोगिता में हिंदी विभाग के समस्त विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कश्मीर सिंह ने शिरकत की। प्रतियोगिता के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. मलकीत सिंह द्वारा इस सफल आयोजन के लिए विभाग के विद्यार्थियों एवं प्रोफेसर का धन्यवाद किया गया और मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कॉलेज के प्रिंसिपल महोदय का उनके सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन विभाग की प्रोफेसर ज्योती शर्मा ने किया।प्रतियोगिता का अंत प्रिंसिपल के अध्यक्षीय भाषण एवं पुरुस्कार वितरण से हुआ।